राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :– **दिनांक :– 06.10.2016**

आयोग द्वारा दिनांक 04.10.2016 को पुनः आयोजित कनिष्ठ लेखाकार/तहसील राजस्व लेखाकार परीक्षा 2013 के प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्र की उत्तरकुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है। यदि किसी भी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ दिनांक 08.10.2016 से दिनांक 10.10.2016 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन आयोग की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। आपत्तियाँ आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करें। इस परीक्षा के दोनों प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (Standard, Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन संलग्न करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क रु 100/– निर्धारित किया गया है। इस हेतु अभ्यर्थी अपनी एप्लीकेशन आई.डी., जन्म तिथि तथा कितने प्रश्नों पर आपत्तियाँ करनी हैं, उसके अनुसार ई–मित्र कियोस्क पर प्रति प्रश्न रु 100/– की दर से टोकन कटायें। एक बार टोकन कटने पर अथवा अधिक राशि जमा कराने पर शुल्क वापिस लौटाने का प्रावधान नहीं है। अभ्यर्थी स्वयं के माध्यम से भी ई–मित्र वेब पोर्टल पर ऑनलाईन नेट–बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड से भी टोकन कटवा सकते हैं। शुल्क के अभाव में आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जावेंगी। आपत्तियाँ केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 08.10.2016 से दिनांक 10.10.2016 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाऐंगी। आपत्तियाँ केवल एक बार ही ली जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों के लिये पोर्टल rpsc.rajasthan.gov.in/examobjection या लिंक rpsc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं, को अभ्यर्थी क्लिक करें।

(गिरिराज सिंह कुशवाहा)
सचिव